# JAIN COLLEGE

463/465, 18th Main Road, SS Royal, 80 Feet Road
Rajarajeshwari Nagar, Bangalore - 560 098

***Date:*** **SUBJECT: HINDI**

***II PUC***
***MOCK - I***

***Timings Allowed: 3 Hrs.15 Minutes*** ***Total Marks: 100***

**सूचनाः १: सभी प्रश्नों के उत्तर हिन्दी भाषा तथा देवनागरी लिपि में लिखना आवश्यक है।**
**२: प्रश्नों की क्रम संख्या लिखना अनिवार्य है ।**

I **अ. एक शब्द या वाक्यांश में उत्तर लिखिए :** **1 X 6 = 6**

1. घर में किसका राज होता है ?
2. किनसे सभी घृणा करते है?
3. किसका व्यापारिकरण हो रहा है?
4. काँलेज से किसका पत्र आया?
5. किस नदी में भयंकर बाढ आती थी?
6. माँ क्या गाने लगी ?

**आ. निम्नलिखित प्रश्नों में से <u>किन्हीं तीन</u> प्रश्नों के उत्तर लिखिए :** **3 X 3 = 9**

7.. लेखिका बचपन में कौन–कौन से खेल खेलती थी ?

8.. विश्वेश्वरय्या के गुण–स्वभाव का परिचय दिजिए ।

9. बरामदे में पहुँचते ही शामनाथ क्यों ठिठक गये ?

10. नारद आखिर भोलाराम का पता कैसे लगाते है ?

11. जापान के ‘हिरन–वन’ के बारे में लिखिए ।

II **अ. निम्नलिखित वाक्य किसने, किससे कहा ?** **1 X 4 = 4**

12. “क्रोधी तो सदा कै है।अब किसी की सुनेंगे थोडे ही ।”

13. “यू हैव मिस्ड समथिंग “

14. “आज तुम खाना जल्दी खा लेना ।”

15 “गरीबी की बीमारी थी ।”

**आ. ससंदर्भ स्पष्टीकरण कीजिए (किन्ही दो)** **3 X 2 = 6**

16. अभी ऐसे भी बूढे नहीं हो गये कि कोई काम ही ना कर सके ।

17. कर्त्तव्य करना न्याय पर निर्भर है ।

18 एक बार जब जबान पर चढ जाये तो फिर कुछ अच्छा नहीं लगता ।

19. पिता के ठीक विपरीत थी हमारी बेपढी माँ ।

III **अ. एक शब्द या वाक्यांश में उत्तर लिखिए :** **1 X 6 =6**

20. चकोर पक्षी किसे देखता रहता है ?

21. वाणी कहाँ रह गयी ?

22 चिता किसे जलाती है ?

23. प्राणों की सार्थकता किसमें है ?

24. कौन राह रोकता है ?

25. कवि का क्या मकसद नहीं है ?

**आ. निम्नलिखित प्रश्नों में से <u>किन्हीं दो</u> प्रश्नों के उत्तर लिखिए :** **3 X 2 = 6**

26. वाणी को क्यों संयत रखना चाहिए ।
27. सब वेद और स्मृतियाँ क्या बताते है ?
28. राजस्थान की वीरता के संबंध मे 'मानव' के क्या विचार है ?
29. कवि दुष्यंत कुमार के अनुसार समाज मे क्या फैला हुआ है ?

**इ. ससंदर्भ भाव स्पष्ट कीजिए :** **4 X 2 = 8**

30. रहिमन पानी राखिए,बिनु पानी सब सुन ।
पानी गये ना उबरे,मोती,मानुष,चुन ॥

**या**

कनक–कनक तै सौगुनो,मादकता अधिकाई ।
उहि खाऐ बौराई,इहिं पाऐ ही बौराई ॥

31. मेरा यह बचपन,तुम्हारा मातृत्व
ये ही गहने हैं,मेरे लिए माँ
मैं तुम्हारा गहना ,तुम मेरा गहना:
फिर अन्य गहने क्यों चाहिए माँ ॥

**या**

अबकी घर लौटा तो देखा वह नहीं था
वही बूढा चौकीदार वृक्ष
जो हमेशा मिलता था घर के दरवाजे पर तैनात ।
पुराने चमडे का बना उसका शरीर
वही सख्त जान ॥

IV **अ. एक शब्द या वाक्यांश में उत्तर लिखिए :** **1 X 5 = 5**

32.सूखी डाली के एकांकीकार का नाम लिखिए ।

33.व्यक्ति किन गुणों से बडा होता है।

34.भारवि की माँ का नाम क्या है?

35. .पिता क्या नहीं सहन कर सकता ।

36 कवि किस पर शासन करता है ?

**आ. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 5 X 2 = 10**

37. दादा जी ने परेश को किस प्रकार मनाया ?

**या**

दादा जी का चरित्र–चित्रण कीजिए ।

38. शास्त्रार्थ में पंडितों को हराते देख पिता ने भारवि के बारे में क्या सोचा ।

**या**

महाकवि भारवि का चरित्र –चित्रण ।

V **अ. निम्नलिखित वाक्य शुद्ध कीजिए: 1 X 4 = 4**

39. 1.उसने कुछ नहीं खाए ।
2. लडकों न एक योजना बनाया ।
3. मंजू ने कुछ भी नही कहीं ।
4. लडकों को दौडने है ।

40. **आ. कोष्टक में दिए गए कारकों से रिक्त स्थान भरिए : 1 X 4 = 4**

(उदासी,सेवा,कुर्सियाँ,कावेरी )

क. ––––करने से चरित्र बनता है ।

ख. चेहरे पर–––थी।

ग. उस दिन दक्षिण की –––बहिन मिली थी ।

घ. ––––तो बाजार में खूब उपलब्ध है ।

41. **इ. निम्नलिखित वक्यों को सूचनानुसार बदलिए : 1 X 3 = 3**

1. दल से दल लडता है। (भूतकाल में बद्लिए )
2. बच्चे शोर मचाते है। । (भविष्यत काल में बदलिए)
3. असली झगडा कुर्सी का था । (वर्तमान काल में बद्लिए )

42. **ई. निम्नलिखित मुहावरों को अर्थ के साथ जोडकर लिखिए : 1 X 4 = 4**

| | |
|---|---|
| 1. शर्म से पानी–पानी होना | –सम्मान बढाना |
| 2. पत–पानी बनाना | –किसी का अपमान करना |
| 3. टोपी उछालना | – आलिंगन करना |
| 4. गले से लगाना | –बहुत लज्जित होना । |

43. **उ. लिंग पहचानिए:** १.अध्यापक २ वर ३ हथिनी **1 X 3 = 3**

44. **ऊ.अनेक शब्दों के लिये एक शब्द लिखिए : 1 X 3 = 3**

१. आकाश में विचरने वाला ।

२. जहाँ कोई रहता ना हो ।

३. जो जन्म से अंधा हो ।

**45. निम्नलिखित शब्दों के साथ उपसर्ग जोडकर नये शब्दों का निर्माण किजिए : 1 X 2=2**

1. कल्पना 2.पूत

VI अ. 46 **निम्नलिखित शब्दों के प्रत्तय अलग कर लिखिए :** **1 X 2=2**

१.स्वच्छता, २.इकहरा

**47.**आ. **किसी एक पर निबन्ध लिखिए** : **1X5=5**

१. शिक्षा और कम्पयुटर २. रेलवे स्टेशन का एक दृष्य ३. स्वावलंबन

**अथवा**

व्यायाम के महत्व को दर्शाते हुए अपने छोटे भाई के नाम एक पत्र लिखिए ।

**48.** अ. **निम्नलिखित अनुच्छेद को पढकर निम्नलिखित प्रश्नों का उत्तर दीजिए :** **1X5=5**

**कुँवर नारायण जी का जन्म १९ सितंबर १९२८ई. में उत्तर प्रदेश के फैजाबाद में हुआ । आपने लखनू विश्वविधालय से१९५१ ई. में अंग्रेजी में एम.ए. की उपाधि प्राप्त की। आपके साहित्य पर श्री नरेन्द्र देव और आचार्य कृपलानी जी का प्रभाव दिखाई देता है । आपका पहला काव्य संकलन'चक्रव्यूह', १९५६ई. मे प्रकासित हुआ जो कि हिन्दी साहित्य में मील का पत्थर माना जाता है । प्रसिद्ध रचनएँ: काव्य: "परिवेश, "अपने सामने,"कोई दुसरा नहीं, आत्मजयी,इन दिनों आदि ।**

**प्रश्न :–**

1. कुँवर नारायण जी का जन्म कब और कहाँ हुआ ?
2. एम.ए.की उपाधि कुँवर नारायण ने कहाँ से प्राप्त की ?
3. कुँवर नारायण के साहित्य पर किनका प्रभाव पडा है ?
4. कुँवर नारायण के पहले काव्य संकलन का नाम लिखिए ।
5. कुँवर नारायण के प्रसिद्ध रचनाओं का नाम लिखिए ।

49. **.हिन्दी में अनुवाद कीजिए :** **1 X 5 = 5**

1. There is no success without hardwork.
2. Can't we live without mobile phones ?
3. If we get up early,we can see sunrise.
4. Language should be simple and easy to understand.
5. Do your duty first,then ask for your rights.

**************************